## एक नजर में

### दूधाखेड़ी माताजी में 29 अप्रैल को होगा मालवी प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**भानपुरा।** मालवी प्रजापति समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष 29 अप्रैल 2026 को दुधाखेड़ी माताजी परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन का छठा आयोजन होगा, जिसमें इस बार 19 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। सम्मेलन अध्यक्ष मुकेश प्रजापति एवं मंच संचालक धनराज चौहान प्रजापति ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज को नई दिशा और प्रेरणा देना है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश और राजस्थान से सैकड़ों समाजजन शामिल होकर आयोजन को सफल बनाते हैं। विशेष रूप से पितृहीन कन्याओं का विवाह निशुल्क कराया जाता है, जिसका पूरा व्यय समिति द्वारा वहन किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम नारायण जी महाराज (शनि शांति धाम आश्रम, मिश्रौली) एवं श्री हेमराज प्रजापति (तहसीलदार, खानपुर) उपस्थित रहेंगे, जिनके सान्निध्य में नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। आयोजन में आने वाले अतिथियों और वर-वधुओं के लिए गर्मी को देखते हुए ठंडे जल एवं छाछ की विशेष व्यवस्था की गई है। समिति अध्यक्ष ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### गेहूं खरीदी केंद्रों पर न लगे लंबी लाइन, किसानों को न हो परेशानी : कलेक्टर गर्ग



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों की लंबी कतार न लगे और स्लॉट बुक किसानों का गेहूं समय पर तौलकर तत्काल मुक्त किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा सोसायटी स्तर पर वेयरहाउस कर्मचारियों का हस्तक्षेप न हो। गेहूं की गुणवत्ता जांच सर्वेयर द्वारा सही तरीके से की जाए और फील्ड की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। बैठक में हम्माल, तौल, भंडारण और परिवहन व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने श्रम विभाग को संबल योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग को स्कूलों की छत मरम्मत और प्रवेश प्रक्रिया में कोई भी बच्चा वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैकर में सही एंट्री तथा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर हाई रिस्क मामलों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी कार्य का अनावश्यक एक्सटेंशन न दिया जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल गंगा जल संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों की पोर्टल पर नियमित अपडेटिंग के निर्देश दिए गए। 25 मई को जिले के ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जल संरक्षण गतिविधियों के साथ श्रमदान किया जाएगा। जिला स्तर पर शिवना नदी में श्रमदान एवं शाम को आरती का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीजे इलेवन ने नपाध्यक्ष ट्रॉफी जीती, सांसद ने बांटे पुरस्कार

**मंदसौर। 21 से 26 अप्रैल तक कालाखेत खेल मैदान में आयोजित 6 दिवसीय नपाध्यक्ष ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में डीजे इलेवन की टीम ने खिताब जीता। समापन अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली ने नपाध्यक्ष ट्राफी की विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।**




समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेता टीम का खिताब डी.जे. इलेवन की टीम ने जीता। बालाजी इलेवन की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 51 हजार रू. नगद एवं टूर्नामेंट का कप प्रदान किया गया। उपविजेता टीम को 21 हजार रू. नगद एवं उपविजेता का पुरस्कार मिला। इसके पूर्व कालाखेत खेल मैदान में खेले गये फाइनल मैच में डी.जे. इलेवन की टीम ने 59 रनों से मैच जीता। 10-10 ओवर के मैच के प्रारंभ में दोनों टीमों के मध्य टॉस कराया गया। डी.जे. इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 5 विकेट खोकर 104 रन बनाये।

जवाब में बालाजी इलेवन की टीम 45 रन ही बना सकी। इस प्रकार 59 रनों के विशाल अंतर से डीजे इलेवन की टीम विजेता रही। 49 रन बनाने वाले डी.जे. टीम के खिलाड़ी वसीम लाला मैन ऑफ द मैच रहे। इसी टीम के अन्य खिलाड़ी वसीम पिपलोदा मैन ऑफ द सीरीज रहे। विजेता टीम की ओर से पुरस्कार (ट्रॉफी) हर्षित कंथार ने, उपविजेता टीम की ट्रॉफी मनोज बागड़ी ने प्राप्त की। कार्यक्रम में बेस्ट बॉलर का पुरस्कार सुनील मोड़ा ने, बेस्ट बैस्टमैन (बल्लेबाज) का पुरस्कार डीएम पाटिल ने जीता। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत प्रतियोगिता के आयोजक मेहुल सुनील जैन, जान फतरोड़, विवेक भावसार, धीरेन्द्र नौगिया, देवराज फतरोड ने दुपट्टा ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम में मदन गुर्जर लालघाटी, शिव गुर्जर रूपावली आदि भी उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि इस 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंदसौर नगर व जिले की 16 टीमों ने भाग लिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रतियोगिता के आयोजकों ने डे-नाईट मैच कराये। पूरे नगरवासियों ने इस मैदान में आकर क्रिकेट का लुत्फ उठाया।

इस प्रतियोगिता को आयोजित करने में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही इसके लिये मैं सभी को बधाई देता हूँ। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया ने कहा कि मेहुल सुनील जैन महाबली ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करके खेल प्रेमियों के लिये विशिष्ट कार्य किया है। मेहुल जैन व उनकी पूरी टीम के साथ ही नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर भी बधाई की पात्र है जिन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिये खूब परिश्रम किया है। कार्यक्रम का संचालन सुनील जैन महाबली (भाजपा जिला उपाध्यक्ष) ने किया व आभार विवेक भावसार ने माना।



## कलेक्टर गर्ग ने किया 'हमारी नर्मदा परिक्रमा' पुस्तक का विमोचन

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने सुशासन भवन सभागार में 'हमारी नर्मदा परिक्रमा' का विमोचन किया। इसे कृषि विभाग मंदसौर के उपसंचालक रविंद्र मोदी ने लिखा है। यह पुस्तक नर्मदा नदी के महत्व और नर्मदा परिक्रमा से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डालती हैं।

मोदी उप संचालक कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि विश्व में नर्मदा नदी ही एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी संपूर्ण परिक्रमा की जाती है। इस पुस्तक में नर्मदा परिक्रमा से जुड़े हुए हर पहलू जैसे परिक्रमा पथ, परिक्रमा के दौरान किये जाने वाली कार्यकलाप, रात्री विश्राम के स्थान, अन्न क्षेत्र एवं नियम धर्म का विस्तार से वर्णन रोचक ढंग से किया गया है।

कलेक्टर अदिती गर्ग ने बताया कि मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली नर्मदा नदी की परिक्रमा पर लिखी गई यह पुस्तक लोगों में नदियों के महत्व एवं संरक्षण की दिशा में जागरूकता पैदा करने वाली है। पुस्तक के लेखक रविंद्र मोदी ने पुस्तक के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने नवंबर 2024 में अपनी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति मोदी के साथ नर्मदा की परिक्रमा की थी। उस दौरान उनके अनुभव एवं नर्मदा के महत्व के बारे में यह पुस्तक लिखी गई है। उनका मानना है कि यह पुस्तक पाठकों को नर्मदा परिक्रमा करने हेतु प्रेरित करेगी एवं नर्मदा परिक्रमा करने वाले परिक्रमा वासियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगी। पुस्तक अमेजॉन पर भी उपलब्ध है। जिसे ऑनलाइन भी प्राप्त किया जा सकता है।

## डॉ. मनोज सोनी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में स्वर्णकार समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर। चिकित्सक डॉ. मनोज सोनी पर हुए जानलेवा हमले और अवैध वसूली की कोशिश के विरोध में आज 27 अप्रैल, सोमवार को मन्दसौर के स्वर्णकार समाज ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री टी.एस. बघेल को सौंपा।**

समाज के जिलाध्यक्ष अजय सोनी कॉलोनाइजर, शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, जनकूपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेड़ावाला, समाज सचिव भूपेन्द्र सोनी प्रतापगढ़वाला सहित उपस्थित समाजजनों ने बताया कि आनंद विहार निवासी डॉ. मनोज सोनी, जो गोल चौराहा पर शिवना डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करते हैं, उन पर 24 अप्रैल की रात करीब 8 बजे अनूप जैन, लाल बहादुर जैन और रोहित पाटीदार ने जानलेवा हमला किया। आरोपियों ने डॉक्टर से उनकी पैथोलॉजी चलाने के एवज में 10 हजार रुपये प्रति माह की अवैध मांग की थी और मना करने पर लाठियों व लात-घूंसों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

इस हमले में डॉ. सोनी के बाएं हाथ की उंगली में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है, जिसका ऑपरेशन कराना पड़ा और इस चोट के कारण उनका चिकित्सकीय कार्य भी पूरी तरह बंद हो गया है। पीड़ित डॉक्टर का आरोप है कि उन्हें डराने के लिए आरोपियों ने उन पर एक झूठी एफआईआर भी दर्ज कराई है। स्वर्णकार समाज ने प्रशासन से मांग की है कि घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, निष्पक्ष जांच कर डॉक्टर पर दर्ज झूठी शिकायत को निरस्त किया जाए और अपराधियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी अन्य नागरिक के साथ ऐसी घटना न हो।

एक नजर — जैन कॉलेज में दिए प्रवचनों में छात्रों को दी शिक्षा

## मोक्ष, आनंद और ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य : विद्यावाचस्पति

**मंदसौर। आर्य समाज और वेदों के प्रचार प्रसार के लिए उदयपुर से पधार रहे वेदाचार्य व्याकरणाचार्य आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति वर्तमान में मंदसौर प्रवास पर है।**



आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति ने शनिवार को शा.उ.मा.वि. क्र. 2 में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व वेदों के बारे में जानकारी दी। रविवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित यज्ञ के पश्चात आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति के प्रवचन हुए। सोमवार को आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति द्वारा जैन कॉलेज में प्रवचन दिए।

आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति के अनुसार मानव जीवन का असली उद्देश्य केवल संसार में उलझना नहीं, बल्कि मोक्ष, आनंद और ईश्वर की प्राप्ति करना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आज के समय में लोग अपने भीतर झांकने और आत्मनिरीक्षण करने की आदत छोड़ते जा रहे हैं, जबकि भगवान राम और कृष्ण जैसे महापुरुष भी अपने कार्यों का नियमित विश्लेषण किया करते थे। समाज में फैली भ्रांतियों और गलत सूचनाओं के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि हमें बाहरी बातों पर अंधविश्वास करने के बजाय अपने विवेक और तर्क का सहारा लेना चाहिए। आचार्य जी ने यह भी स्पष्ट किया कि मुक्ति केवल साधारण कर्मकांडों से नहीं मिल सकती, इसके लिए लंबी साधना, मन की शुद्धि और दिव्य गुणों को अपनाना अनिवार्य है। ईश्वर के स्वरूप को समझाते हुए उन्होंने कहा कि सृष्टि की रचना करने वाला परमात्मा उन महापुरुषों से सर्वथा अलग और परे है, जिनका जन्म सृष्टि के अस्तित्व में आने के बाद हुआ है।

इस दौरान आर्य समाज प्रधान मधुसूदन आर्य, राजेश पालीवाल, नारायण चौधरी, रमेशचन्द्र राव, सुधा कर्मी, किरण वर्मा, विरेन्द्र आर्य, महेश शर्मा, मानमल अग्रवाल, सुरेन्द्र रामावत सहित बड़ी संख्या आर्य समाजन और अन्य उपस्थित रहे।

**आज महारानी स्कूल में देंगे प्रवचन**- आर्य समाज प्रधान मधुसूदन आर्य ने बताया कि आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति आज 28 अप्रैल को गांधी चौराहा स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या हाईस्कूल में छात्राओं को अपने प्रवचन देंगे।

# नीमच

## एक नजर में

### कृषि आदान व्यापारियों की हड़ताल : 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**जावद।** कृषि आदान (खाद, बीज एवं कीटनाशक) व्यापारियों ने सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर अपना व्यवसाय बंद रखा और लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार नवीन गर्ग को प्रधानमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कृषि आदान विक्रेता संघ का कहना है कि वह देशभर के लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पिछले एक दशक से विभिन्न व्यावसायिक और नीतिगत चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। संघ के अनुसार, कई बार केंद्र एवं राज्य सरकारों को समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने से उन्हें हड़ताल का सहारा लेना पड़ा। ज्ञापन में खाद पर 'जबरन लिंकिंग' का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उर्वरक निर्माता कंपनियां सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य गैर-जरूरी उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करती हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है। उन्होंने इस प्रकार की 'जबरन लिंकिंग' को अपराध घोषित कर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। हड़ताल के दौरान व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रामलाल भैरावत, राकेश चौपड़ा, रमेश सोनी, यशवंत धाकड़, राजेश गोयल, शैलेन्द्र गोयल, संजय धाकड़, विजय सोनी, शंभुलाल अहीर, महावीर गोयल, अजय धाकड़, नरेंद्र भट्ट, मदन धनगर, विमल जैन, घनश्याम परमार, नवीन जैन, ओमप्रकाश आर्य, सुशील जैन, शौकीन जैन, प्रकाश मेघवाल, धीरज धाकड़ सहित बड़ी संख्या में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी उपस्थित रहे।

### व्यापारी सैफुद्दीन भाई का इंतकाल



**नीमच।** नीमच में दाऊदी बोहरा समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी और ब्राइट हार्डवेयर के संचालक जूज़र भाई पिता मुल्ला सैफुद्दीन भाई का 61 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल की मध्य रात्रि को इंतकाल हो गया। वे पिछले लगभग छह माह से असाध्य बीमारी से पीड़ित थे। जूजर भाई न केवल व्यापार जगत में अपनी साख और ईमानदारी के लिए जाने जाते थे, बल्कि अपने मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और व्यवहार कुशलता के कारण समाज के हर वर्ग में बेहद लोकप्रिय थे। उन्होंने सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाई। उनके इंतकाल की खबर से दाऊदी बोहरा समाज सहित पूरे शहर में शोक की लहर दौड गई। परिजन, मित्रगण और शुभचिंतक इस अपूरणीय क्षति से गहरे आहत हैं। सोमवार सुबह 10 बजे उन्हें नीमच के बोहरा कब्रिस्तान बुरहानी बाग में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जहां बडी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजजनों ने जूजर भाई के निधन को एक बडी क्षति बताते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की है।

## चोरी का सोना-चांदी खरीदी का गढ़ बना नीमच का मनासा

- पांच राज्यों की पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप
- चोरी, लूट के सोने- चांदी खरीदने में मास्टर है अधिकांश व्यापारी, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक पुलिस की एक साथ दबिश



**मनासा। मध्यप्रदेश का नीमच जिला इन दिनों देश की विभिन्न पुलिस इकाइयों की रडार पर है। वजह है नीमच जिले का मनासा कस्बा, जो बीते कुछ वर्षों से अंतरराज्यीय चोरों के लिए चोरी के सोने-चांदी के आभूषण खपाने का 'सुरक्षित ठिकाना' (हब) बन गया है। शनिवार को राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों की पुलिस टीमों की मनासा में हुई आमद ने हड़कंप मचा दिया है।**

**पांच राज्यों की पुलिस का डेरा, कई व्यापारी हिरासत में:**-चोरी की बड़ी वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोहों ने पूछताछ में मनासा के व्यापारी का ही नाम उगला है। शनिवार को जब हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु की पुलिस ने स्थानीय थानों की मदद से मनासा और कुकड़ेश्वर में दबिश दी, तो कई व्यापारियों के होश उड़ गए।

**राजस्थान पुलिस:**-जैसलमेर में पकड़े गए चोर गिरोह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 40 तोला सोना और 6 किलो चांदी के आभूषण मनासा के व्यापारियों को बेचे थे। इस इनपुट पर राजस्थान पुलिस ने स्थानीय दुकानदारों के ठिकानों पर छापेमारी की।

**हरियाणा पुलिस:** -कुकड़ेश्वर और मनासा के व्यापारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हरियाणा पुलिस ने पहले कई संदिग्धों को हिरासत में लिया और शनिवार को कुछ व्यापारियों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

**गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु:** - इन राज्यों में हुई बड़ी चोरी और लूट की घटनाओं के तार भी मनासा से जुड़े मिले हैं। पुलिस की टीमें यहां के व्यापारियों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

**फर्जी बैंक खाते और हवाला का बड़ा खेल:**-पुलिस की शुरुआती जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। चोरी का माल खरीदने के लिए व्यापारी सीधे कैश के साथ-साथ 'हवाला' का सहारा ले रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, कई व्यापारियों ने लेनदेन को वैध दिखाने के लिए बैंकों में फर्जी खाते खुलवा रखे थे। इन्हीं खातों के जरिए लाखों का अवैध लेनदेन हो रहा था, जिससे पुलिस को अंधेरे में रखा जा सके।

**पुलिस की सख्ती जारी:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच का दायरा अब उन संदिग्धों तक बढ़ाया जा रहा है जो इस पूरे सिंडिकेट को संरक्षण दे रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है।

> **मनासा में पसरा सन्नाटा**
>
> एक साथ पांच राज्यों की पुलिस की सक्रियता ने मनासा के व्यापारिक गलियारों में खौफ पैदा कर दिया है। जिन व्यापारियों ने कम कीमत के लालच में चोरी का माल खरीदा था, उनमें से कई अब दुकानों पर ताले जड़कर भूमिगत हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि यह तो अभी शुरुआत है; जैसे-जैसे पूछताछ आगे बढ़ेगी, कई सफेदपोशों और बड़े व्यापारियों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

## पार्क में बच्चियों से अश्लील हरकत करते पकड़ा अधेड़

- नीमच में परिजन ने पुलिस को सौंपा, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज



**नीमच। नीमच के इंदिरा नगर इलाके में एक धार्मिक स्थल के गार्डन में मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले अधेड़ को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी पिछले कई दिनों से बच्चियों को परेशान कर रहा था, जिसे परिजन ने योजना बनाकर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।**

गार्डन में खेलने जाने वाली छोटी बच्चियों ने घर पर बताया था कि एक अंकल उनके साथ गंदी हरकतें करते हैं। बच्चियों की बात सुनकर परिजन ने आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई। रविवार को जैसे ही आरोपी कुंज बिहारी वहां पहुंचा और अश्लील हरकतें शुरू कीं, पहले से छिपे हुए परिजन और रहवासियों ने उसे घेर लिया।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें डरी हुई बच्चियां आरोपी के सामने ही उसकी करतूतें बता रही हैं। भीड़ के सामने घिरने पर आरोपी ने भी अपनी गलती मान ली। मौके पर पहुंची नीमच सिटी पुलिस उसे थाने ले गई। परिजन का कहना है कि वे बच्चियों की सुरक्षा को लेकर डरे हुए थे, इसलिए सतर्क होकर इसे पकड़ना जरूरी था।

**पुलिस ने दर्ज किया पॉक्सो एक्ट**-सब इंस्पेक्टर असलम पठान ने बताया कि आरोपी कुंज बिहारी के खिलाफ सोमवार को पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ की गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

एक नजर — जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

## बोरदिया खुर्द के 9 किसानों ने जनभागीदारी से रचा इतिहास

**नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आह्वान पर चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत नीमच के ग्राम बोरदिया खुर्द में जनभागीदारी से नई दिशा मिली है। यहां ग्राम पंचायत एवं 9 प्रगतिशील कृषकों ने मिलकर जल संरक्षण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।**




जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा गत वर्षों में निर्मित परकोलेशन टैंक में जमा उपजाऊ मिट्टी को कृषकों द्वारा अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से खोदकर निजी खेतों में डाला जा रहा है। इस कार्य में ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण सहयोग किया जा रहा है।

**कार्य की प्रगति और लाभ:** 9 कृषकों द्वारा अब तक 180 ट्रॉली उपजाऊ मिट्टी निकाल कर अपने खेतों में डाली जा चुकी है। साथ ही लगभग 150 से अधिक ट्रॉली मिट्टी और निकाली जाएगी। इस श्रमदान से परकोलेशन टैंक की जलग्रहण क्षमता लगभग 1000 घन मीटर बढ़ जाएगी तथा किसानों को इतनी ही मात्रा में उच्च गुणवत्ता की उपजाऊ मिट्टी बिना किसी शासकीय व्यय के प्राप्त होगी।

आत्मनिर्भरता का मॉडल: बिना शासन के वित्तीय सहयोग से किसानों को उपजाऊ मिट्टी की उपलब्धता एवं जल संरचना को सुदृढ़ करने का यह जन सहयोग का अनुकरणीय मॉडल है।

अधिकारियों की प्रतिक्रिया: कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कहा, कि जल गंगा संवर्धन अभियान तभी सफल होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इससे जुड़ेगा। बोरदिया खुर्द के किसानों ने यह कर दिखाया है। यह मॉडल पूरे जिले में लागू किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अमन वैष्णव ने बताया, कि मानसून पूर्व सभी जल संरचनाओं से मिट्टी निकालने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है। किसान इस मिट्टी का उपयोग खेतों में कर सकेंगे।